सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 233 | इंदौर, मंगलवार 10 मार्च, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

एचपीवी वैक्सीन का एक टीका बेटियों को बचाएगा सर्वाइकल कैंसर से

- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आगामी नवरात्रि पर्व एवं गुड़ी पड़वा की दीं मंगलकामनाएं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

जबलपुर, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में माताओं-बहनों के स्वास्थ्य की चिंता करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सर्वाइकल कैंसर बेटियों की जिंदगी में सबसे कठिन समय होता है। मध्यप्रदेश में बड़े पैमाने पर एचवीपी टीकाकरण अभियान की शुरुआत की गई है। इसमें 14 वर्ष से अधिक आयु की बेटियों को 4 हजार रुपए मूल्य का यह टीका निःशुल्क लगाया जा रहा है। वैक्सीन का एक टीका गर्भाशय एवं ग्रीवा कैंसर के प्रति भविष्य में बेटियों को जीवनभर की सुरक्षा की गारंटी देगा और उन्हें गंभीर रोग से बचाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को जबलपुर के नेताजी सुभाषचंद्र बोस कल्चरल एंड इंफोर्मेशन सेंटर में महिलाओं के लिए आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर और एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आह्वान किया कि बहनें और बेटियां सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीकाकरण का लाभ लेकर टीका अवश्य लगवा लें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने टीका लगवा चुकी बेटियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए। साथ ही जबलपुर में 37 करोड़ रूपये से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार लाड़ली बहनों से लेकर लाड़ली लक्ष्मी बेटियों तक निरंतर जनकल्याणकारी कार्यों को आगे बढ़ा रही है। लाड़ली बहनों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए राज्य सरकार योजना की राशि को निरंतर बढ़ा रही है। प्रदेश की 1 करोड़ 25 लाख से अधिक लाड़ली बहनों को अब 1500 रुपए की राशि हर माह उनके बैंक खातों में अंतरित की जा रही है। राज्य सरकार ने बहनों को रोजगारपरक उद्योगों में काम करने पर 5 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि अलग से देने का निर्णय लिया है। प्रदेश में लैंगिग असमानता को खत्म करने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य हो रहे हैं। स्थानीय निकायों के चुनाव में 50 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। लोकसभा और विधानसभा में भी महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिलेगा। बेटियां सेना से लेकर हर क्षेत्र में आगे बढ़कर बेहतर भविष्य का निर्माण कर रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उन्होंने 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अशोकनगर जिले में करीला धाम पहुंचकर माता जानकी और उनके पुत्र लव-कुश का आशीर्वाद प्राप्त किया और सभी प्रदेशवासियों के कल्याण की कामना की।

राज्यसभा सांसद डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी ने आउटसोर्स और संविदा नियुक्तियों में आरक्षण लागू करने की मांग राज्यसभा में उठाई

नई दिल्ली, (एजेंसी) राज्यसभा सांसद डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी ने आज राज्यसभा में शून्यकाल के दौरान सरकारी विभागों में आउटसोर्स और संविदा के माध्यम से हो रही नियुक्तियों में आरक्षण व्यवस्था लागू करने का महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया। उन्होंने सदन का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि वर्तमान में देश और राज्यों के विभिन्न सरकारी विभागों में बड़ी संख्या में नियुक्तियाँ आउटसोर्सिंग और संविदा के आधार पर की जा रही हैं, लेकिन इन भर्तियों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण की कोई व्यवस्था नहीं की जा रही है, जो सामाजिक न्याय की भावना के विपरीत है।

डा. सुमेर सिंह सोलंकी, बीजेपी, मध्य प्रदेश

डॉ. सोलंकी ने कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14, 15(4) और 16(4) सामाजिक न्याय और समान अवसर की गारंटी देते हैं, लेकिन आउटसोर्स और संविदा नियुक्तियों में इन प्रावधानों की भावना को दरकिनार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज स्थिति यह है कि सफाई कर्मी, डेटा एंट्री ऑपरेटर, सुरक्षा गार्ड, तकनीकी सहायक जैसे पदों से लेकर क्लर्क और इंजीनियर तक की नियुक्तियाँ भी ठेके या आउटसोर्सिंग के माध्यम से की जा रही हैं, जहाँ न तो आरक्षण की व्यवस्था है और न ही रोजगार की स्थिरता या सामाजिक सुरक्षा।

उन्होंने सदन को अवगत कराया कि इसका सीधा प्रभाव अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़े वर्ग के युवाओं पर पड़ रहा है। इन वर्गों के युवाओं को न तो स्थायी रोजगार मिल पा रहा है और न ही उन्हें आरक्षण का लाभ मिल रहा है, जिससे उनमें निराशा और असंतोष बढ़ रहा है।

डॉ. सोलंकी ने बताया कि एक अनुमान के अनुसार देश में केंद्र सरकार, राज्य सरकारों और विभिन्न संस्थाओं में लगभग 10 से 15 करोड़ लोग किसी न किसी रूप में संविदा, ठेका या आउटसोर्स व्यवस्था के अंतर्गत कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि केवल मध्यप्रदेश में ही लगभग दस लाख लोग इस व्यवस्था में काम कर रहे हैं।

राज्यसभा सांसद ने यह भी कहा कि संविदा और आउटसोर्स कर्मचारियों को कई गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ता है। कई कर्मचारी 10 से 15 वर्षों तक कार्य करने के बावजूद स्थायी नहीं हो पाते, ठेकेदार बदलते ही कर्मचारियों को हटा दिया जाता है, कई स्थानों पर सरकार द्वारा स्वीकृत वेतन से भी कम भुगतान किया जाता है और कई कर्मचारियों को महीनों तक वेतन नहीं मिल पाता। इसके साथ ही उनसे लंबे समय तक कार्य लिया जाता है, लेकिन न तो ओवरटाइम का भुगतान मिलता है और न ही पर्याप्त सामाजिक सुरक्षा।

डॉ. सोलंकी ने यह भी उल्लेख किया कि राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग और राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की रिपोर्टों में भी इस विषय पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई है कि आउटसोर्स और संविदा नियुक्तियों में आरक्षण व्यवस्था लागू नहीं हो रही है।

उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि आउटसोर्स और संविदा के माध्यम से की जाने वाली सभी भर्तियों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण अनिवार्य रूप से लागू किया जाए। साथ ही वर्तमान में चल रही ऐसी सभी भर्तियों की समीक्षा की जाए और इस विषय पर एक उच्चस्तरीय संसदीय समिति का गठन किया जाए।

डॉ. सोलंकी ने कहा कि यदि देश को वास्तव में सामाजिक न्याय और समावेशी विकास के मार्ग पर आगे बढ़ाना है तो इस विषय पर गंभीरता से विचार कर ठोस और प्रभावी कदम उठाने की आवश्यकता है, ताकि समाज के वंचित वर्गों के युवाओं को भी समान अवसर और सुरक्षित भविष्य मिल सके।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सरकार इस विषय पर संवेदनशीलता के साथ विचार करेगी और सामाजिक न्याय की भावना को सशक्त करने के लिए आवश्यक कदम उठाएगी।

14 को नेशनल लोक अदालत, तैयारी में जुटा निगम

- 70-75 प्रतिशत वसूली का रखा टारगेट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। नगर निगम रंगों के त्योहार के बाद अब नेशनल लोक अदालत की तैयारियों में जुट गया है। इस बार नगर निगम ने 70 से 75 प्रतिशत तक राजस्व वसूली का लक्ष्य तय किया है। इसे लेकर नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए हैं।

इंदौर में 14 मार्च को नेशनल लोक अदालत आयोजित की जाएगी। यह लोक अदालत नगर निगम मुख्यालय के साथ सभी जोनल कार्यालयों और अन्य स्थानों पर भी लगेगी। इसे लेकर निगम कमिश्नर ने अधिकारियों के साथ बैठक कर राजस्व वसूली और लोक अदालत की तैयारियों की समीक्षा की है। कमिश्नर ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि 14 मार्च को होने वाली नेशनल लोक अदालत और वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन 31 मार्च से पहले निर्धारित राजस्व लक्ष्य पूरा करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि लोक अदालत में कम से कम 70 से 75 प्रतिशत राजस्व वसूली सुनिश्चित की जाए। इसके लिए अधिकारियों को फील्ड में सक्रिय रहकर बकायादारों से संपर्क करने और आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। निगम अधिकारियों ने इस दिशा में काम भी शुरू कर दिया है। निगम कमिश्नर ने यह भी कहा है कि नेशनल लोक अदालत में शासन द्वारा सरचार्ज में जो छूट दी जा रही है, उसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इसका लाभ उठाकर अपना बकाया कर जमा कर सकें। इसके लिए वार्ड स्तर पर प्रचार-प्रसार, सूचना प्रसारण और लोगों से सीधे संवाद करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने समय-सीमा के पत्रों और सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा की

निराकरण में लापरवाही पाये जाने पर कार्रवाई के दिये निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इन्दौर। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा की अध्यक्षता में आज समय-सीमा (टीएल) के पत्रों के निराकरण की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने सीएम हेल्पलाइन सहित विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों की अधिकारीवार समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन की समस्याओं का त्वरित, सकारात्मक और निर्धारित समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन, इंदौर विकास प्राधिकरण के सीईओ डॉ. परीक्षित झाड़े, अपर कलेक्टर श्री नवजीवन विजय पवार, श्री रिंकेश वैश्य, श्री रोशन राय, श्रीमती निशा डामोर सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री वर्मा ने स्पष्ट किया कि समय-सीमा में प्रकरणों का निराकरण नहीं करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान उन्होंने सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत लंबित सात प्रकरणों की रेंडम रूप से समीक्षा की। समीक्षा के दौरान लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी- कर्मचारियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने राज्य शासन द्वारा संचालित "संकल्प से समाधान" अभियान की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि शिविरों के माध्यम से प्राप्त आवेदनों का शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही आगामी समय में आयोजित होने वाले ब्लॉक स्तरीय शिविरों में सभी एसडीएम और जिला स्तरीय अधिकारियों की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने शहर के मैरिज गार्डनों में पार्किंग व्यवस्था को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी मैरिज गार्डन अपने परिसर में निर्धारित 40 प्रतिशत स्थान पार्किंग के लिए आरक्षित करें। साथ ही एसडीएम को निर्देश दिए कि वे यह सुनिश्चित करें कि मैरिज गार्डनों में नियमानुसार पार्किंग की व्यवस्था है या नहीं। यदि किसी मैरिज गार्डन में पार्किंग के लिए स्थान आरक्षित नहीं पाया जाता है तो संबंधित मैरिज गार्डन के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

'नेक्स्ट जेनरेशन पोस्ट ऑफिस' के रूप में विकसित किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। भारतीय डाक विभाग द्वारा आमजन और विशेषकर युवा वर्ग को आधुनिक एवं सुविधाजनक सेवाएं प्रदान करने की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल की गई है। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के तक्षशिला परिसर, खंडवा रोड स्थित उप डाकघर को पूरी तरह नवीनीकृत कर 'नेक्स्ट जेनरेशन पोस्ट ऑफिस' के रूप में विकसित किया गया है। इस आधुनिक डाकघर का भव्य उद्घाटन सोमवार शाम श्रीमती प्रीती अग्रवाल, पोस्टमास्टर जनरल, इंदौर क्षेत्र, समारोह के मुख्य अतिथि देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर के कुलपति डॉ. राकेश सिंघई, सुश्री सिध्दयानी पाटनी मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की भूतपूर्व संयुक्त सचिव द्वारा किया गया। शिवांसु कुमार, प्रवर अधीक्षक डाकघर, इंदौर नगर संभाग ने जानकारी देते हुए बताया कि 'नेक्स्ट जेनरेशन पोस्ट ऑफिस' की अवधारणा देश की युवा पीढ़ी, जो देश के भविष्य के निर्माता है, को डाक सेवाओं से जोड़ने पर आधारित है। इस Gen Z Post Office को युवाओं की पसंद और जरूरतों के अनुसार एक कैफेटेरिया के जैसे आकर्षक लुक दिया गया है। यहाँ डिजिटल सेवाओं के साथ-साथ ऐसे नवाचारों को शामिल किया गया है जो कॉलेज के विद्यार्थियों और युवा पीढ़ी को डाक सेवाओं से जुड़ने के लिए प्रेरित करेंगे। इस डाकघर में पानी एवं चाय-कॉफी डिस्पेंसर, कई तरह के गेम्स जैसे लूडो, स्लिंगो, शतरंज आदि खेलने की सुविधा के साथ ही विभिन्न किताबें, पत्रिकाएँ एवं हिंदी एवं अंग्रेजी के न्यूज़ पेपर भी उपलब्ध है। कार्यक्रम के दौरान भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के टी-20 विश्वकप 2026 का विजेता बनने पर इस क्षण को यादगार बनाने के लिए विशेष आवरण का अनावरण भी किया गया। साथ ही सुकन्या समृद्धि योजना के खाताधारकों को पासबुक का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती प्रीती अग्रवाल, पोस्टमास्टर जनरल, इंदौर क्षेत्र, डॉ. राकेश सिंघई- कुलपति देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर, सुश्री सिध्दयानी पाटनी-मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की भूतपूर्व संयुक्त सचिव, श्री विष्णु नारायण मिश्रा सहा. कुलसचिव देवी अहिल्या विश्व विद्यालय इंदौर, श्री प्रज्जवल खरे कुलसचिव देवी अहिल्या विश्व विद्यालय इंदौर, श्री शिवांसु कुमार-प्रवर अधीक्षक डाकघर इंदौर नगर संभाग इंदौर के साथ ही डाक विभाग के अन्य प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सञ्चालन श्रीमती उर्मिला सैनी के द्वारा किया गया एवं आभार श्रीमती रीता गर्ग उपअधीक्षक डाकघर इंदौर नगर संभाग इंदौर के द्वारा किया गया ।

भागीरथपुरा पर बनाया था वीडियो

उप्र का इन्फ्लुएंसर जतिन मिश्रा इंदौर क्राइम ब्रांच में पेश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। सांसद शंकर लालवानी को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में उत्तर प्रदेश के इन्फ्लुएंसर जतिन मिश्रा सोमवार को क्राइम ब्रांच कार्यालय पहुंचे। पुलिस द्वारा जारी नोटिस के बाद वे इंदौर आए और एडिशनल डीसीपी सहित अन्य अधिकारियों के सामने पेश होकर अपना पक्ष रखा। इस दौरान पुलिस ने उनसे पूरे मामले को लेकर पूछताछ की और उनके बयान दर्ज किए। जतिन ने भागीरथपुरा में गंदे पानी के मामले को लेकर एक वीडियो बनाया था।

जानकारी के मुताबिक कुछ दिन पहले जतिन मिश्रा ने अपने यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो अपलोड किया था, जिसमें इंदौर के सांसद को लेकर टिप्पणी की गई थी। वीडियो सामने आने के बाद इसे लेकर विवाद खड़ा हो गया था। मामले में सांसद के प्रतिनिधि ने पुलिस से शिकायत करते हुए आरोप लगाया था कि वीडियो में की गई टिप्पणी आपत्तिजनक है और इससे जनभावनाएं आहत हुई हैं। शिकायत मिलने के बाद इंदौर पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी थी। प्रारंभिक जांच के बाद पुलिस ने यूट्यूबर जतिन मिश्रा के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया और क्राइम

ब्रांच की ओर से उन्हें नोटिस जारी कर बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया गया था। नोटिस मिलने के बाद जतिन मिश्रा सोमवार को इंदौर पहुंचे और क्राइम ब्रांच कार्यालय में अधिकारियों के सामने उपस्थित हुए। यहां पुलिस ने उनसे वीडियो बनाने के उद्देश्य और उसमें की गई टिप्पणियों को लेकर पूछताछ की। पूछताछ के दौरान जतिन मिश्रा ने पुलिस अधिकारियों से माफी मांगते हुए कहा कि उनका उद्देश्य किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना नहीं था। उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में वे इस तरह का कोई कंटेंट नहीं बनाएंगे, जिससे किसी व्यक्ति या जनप्रतिनिधि की छवि को नुकसान पहुंचे। क्राइम ब्रांच के अधिकारियों के मुताबिक जतिन मिश्रा के बयान दर्ज कर लिए गए हैं। वीडियो और उससे जुड़े तकनीकी पहलुओं की भी जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले से जुड़े डिजिटल साक्ष्यों और अन्य दस्तावेजों की जांच कर रही है। करीब एक महीने पहले अपलोड किए वीडियो में जतिन ने ग्वालियर और मंदसौर के साथ इंदौर का भी उल्लेख किया है। जतिन ने वीडियो में कहा कि इंदौर पहुंचा तो सांसद मिल गए, बोले जतिन अब आज और रुको कल चले जाना। हमने उनकी बात मान ली। जब सुबह आने लगा तो सांसद जी बोले जतिन जब चार दिन रुक ही गए हो, तो चार दिन और रुक जाओ। इंदौर की हवा, पानी और स्वच्छता देखो, उसके बाद जाना। हमने कहा सांसद जी आपके इंदौर का दूषित पानी पीने से 20 लोगों की मौत हो गई और आप चाहते हैं कि हम भी इंदौर में रहकर इंदौर का पानी पिएं और हमारे घर हमारी लाश वापस जाए। तो सांसद जी ने कहा क्या यार जतिन तुम उन जैसे लोगों के मरने पर अफसोस कर रहे हो।

हम तुम्हारे लिए बढ़िया मिनरल वॉटर का प्रबंध कर देंगे। हमने कहा सांसद जी हम रुक नहीं पाएंगे। तो सांसद जी ने कहा रुकना तो पड़ेगा। वरना दोबारा हमारे इंदौर की तरफ दिखाई मत पड़ना। हमने कहा कैसी बात कर रहे हैं सांसद जी। बगल में खड़ा सांसद का चम्चा बोला तू सांसद जी से जवान लड़ाएगा। जैसा सांसद जी कह रहे हैं वैसा करो। इसके बाद जतिन ने सांसद शंकर लालवानी को लेकर आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया। जतिन ने वीडियो में आगे कहा कि जिनके संसद क्षेत्र के लोग मर रहे हों और उन्हें संवेदना व्यक्त करने की तमीज न हो, ऐसे लोग जनप्रतिनिधि बनेंगे। जतिन ने यह वीडियो 11 जनवरी को पोस्ट किया है।

ड्राइवर ने लगाई ब्रिज पर फांसी

इंदौर। भोपाल में रहने वाले एक ड्राइवर का शव खुडैल के यहां पर नेमावर ब्रिज पर अलसुबह फंदे पर लटके मिला। पुलिस के मुताबिक मृतक का नाम दीपक पुत्र विजय मालवीय निवासी निशांतपुरा है। वह लोडिंग वाहन चलाने का काम करता है। उसने इंदौर से गुजरात के लिए माल भरा था। अलसुबह कुछ लोगो ने दीपक को ब्रिज के यहां फंदे पर देखा। तब नजदीक ही खड़ी गाड़ी की भी जानकारी ली। दीपक की गाड़ी में माल पूरा भरा हुआ था। उसके सुसाइड का कारण सामने नहीं आया है। पुलिस परिवार को भोपाल में जानकारी दी है।

संकल्प से समाधान अभियान का इंदौर जिले में प्रभावी क्रियान्वयन

अभियान के अंतर्गत एक लाख 22 हजार से अधिक आवेदनों का निराकरण

संकल्प से समाधान" अभियान 31 मार्च 2026 तक चार चरणों में होगा आयोजित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में इंदौर जिले में संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। संकल्प से समाधान अभियान आगामी 31 मार्च तक संचालित किया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत विभिन्न विभागों की 63 सेवाओं और 40 योजनाओं के तहत आवेदकों को लाभान्वित किया जा रहा है। जिले में अब तक आयोजित शिविरों में एक लाख 25 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, इनमें से एक लाख 22 हजार 300 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। शेष आवेदनों की निराकरण की प्रक्रिया भी जारी है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार प्रदेश सरकार सुशासन और स्वराज के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। विकसित मध्यप्रदेश के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु केन्द्र एवं राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं और सेवाओं का लाभ पात्र नागरिकों तक पहुँचाने के उद्देश्य से प्रदेश में 12 जनवरी से संकल्प से समाधान अभियान प्रारंभ किया गया है। यह अभियान 31 मार्च 2026 तक संचालित किया जा रहा है। स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस से प्रारंभ यह अभियान ग्राम पंचायत, नगरीय निकाय एवं जिला स्तर पर चार चरणों में संचालित होगा। अभियान की संपूर्ण कार्यवाही सीएम हेल्पलाइन पोर्टल के माध्यम से संपादित की जा रही है। अभियान के अंतर्गत चयनित योजनाओं एवं सेवाओं से संबंधित आवेदन एवं शिकायतों को प्राप्त कर उनका त्वरित निराकरण किया जा रहा है। इसके लिए ग्राम पंचायत, वार्ड, क्लस्टर, विकासखंड एवं जिला स्तर पर शिविरों का आयोजन हो रहा है। सीएम हेल्पलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदनों के पंजीयन एवं निराकरण की कार्यवाही की जा रही है। अभियान के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पुरस्कृत किया जाएगा। प्रथम चरण 12 जनवरी से 15 फरवरी 2026 तक आयोजित किया गया। अभियान के प्रथम चरण में ग्राम पंचायत/नगरीय वार्ड स्तर पर आवेदन एवं शिकायतों का संग्रह किया गया। शिविर अथवा घर-घर जाकर आवेदन एकत्र कर पोर्टल पर दर्ज किए गए। प्राप्त आवेदनों की समीक्षा कर उनका निराकरण किया गया। द्वितीय चरण 16 मार्च 2026 तक चलेगा। अभियान के द्वितीय चरण अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में क्लस्टर स्तर तथा शहरी क्षेत्रों में जोन स्तर पर शिविर आयोजित होंगे। तहसीलदार, सीईओ जनपद, सीएमओ एवं समकक्ष अधिकारी नोडल अधिकारी होंगे।15 से 30 ग्राम पंचायतों का एक क्लस्टर निर्धारित किया गया है। क्लस्टर/जोन स्तर पर आवेदनों का निराकरण कर पोर्टल पर प्रविष्टि की जाएगी। तृतीय चरण 16 मार्च से प्रारंभ होकर 26 मार्च 2026 तक चलेगा। अभियान के तृतीय चरण अंतर्गत विकासखंड एवं नगर स्तर पर शिविरों का आयोजन तथा क्लस्टर/जोन स्तर पर लंबित एवं नवीन आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), तहसीलदार, सीईओ जनपद एवं सीएमओ नोडल अधिकारी रहेंगे। चतुर्थ चरण 26 मार्च से प्रारंभ होकर 31 मार्च 2026 तक चलेगा। अभियान के चतुर्थ चरण अंतर्गत जिला स्तर पर शिविरों का आयोजन किया जाएगा। शेष समस्त लंबित एवं नवीन आवेदनों का अंतिम निराकरण तथा प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में हितलाभ वितरण एवं सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।

महिला कर्मचारी ने गोल्ड कंपनी मालिक पर लगाए गंभीर आरोप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। तुकोगंज थाना क्षेत्र में एक गोल्ड कंपनी में काम करने वाली महिला सेल्समैन ने कंपनी के मालिक और उसके भाई पर मानसिक प्रताड़ना, हेरासमेंट और झूठे केस में फंसाने के आरोप लगाए हैं। महिला का कहना है कि उसने करीब 20 दिन पहले ही इस संबंध में छत्रीपुरा थाने में शिकायत की थी, लेकिन उसकी सुनवाई नहीं हुई।

तुकोगंज पुलिस ने रजत माहेश्वरी की शिकायत पर उनकी कंपनी में सेल्समैन महिला के खिलाफ करीब 60 लाख रुपए के सोने की हेराफेरी का मामला दर्ज किया है। अब इस मामले में महिला सामने आई है और उसने रजत माहेश्वरी व उसके भाई सौरभ माहेश्वरी पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। ज्वेलर ने एक दिन पहले ही महिला के खिलाफ 60 लाख के आभूषण गायब करने की एफआईआर दर्ज कराई है। महिला का कहना है कि उसने 17 फरवरी को ही छत्रीपुरा थाने में दोनों के खिलाफ लिखित शिकायत दी थी, जिसमें मानसिक प्रताड़ना और हेरासमेंट की बात कही थी, लेकिन उसके अनुसार कुछ भाजपा नेताओं के दबाव में उसकी एफआईआर दर्ज नहीं की गई।पीड़िता के मुताबिक वह वर्ष 2018 में रजत ज्वेलर्स के सिटी सेंटर स्थित शोरूम में मार्केटिंग सेल्स के पद पर काम करने लगी थी। यहां ज्वेलरी बेचने पर कमीशन दिया जाता था, लेकिन पिछले दो वर्षों से उसे करीब साढ़े सात लाख रुपए का कमीशन नहीं दिया गया। कई बार तकादा करने पर रजत के भाई सौरभ ने बाजार में मंदी और नुकसान का हवाला दिया। महिला ने शिकायत में यह भी आरोप लगाया कि सौरभ ने उसे फार्म हाउस चलने का प्रस्ताव दिया और अक्टूबर 2025 से लगातार उस पर दबाव बना रहा था। महिला के अनुसार उसने इन बातों को नजरअंदाज किया, लेकिन मौका मिलने पर सौरभ ने ऑफिस में उसके साथ गलत हरकत करने की कोशिश की। विरोध करने के बावजूद उसकी हरकतें जारी रहीं। पीड़िता ने बताया कि 16 फरवरी की रात रजत और सौरभ नशे की हालत में उसके भक्त प्रहलाद नगर स्थित घर पहुंचे और उसे साथ चलने के लिए कहा। महिला के अनुसार दोनों ने धमकी दी कि अगर वह साथ नहीं चली तो उसे जान से मार देंगे और झूठे चोरी के मामले में फंसा देंगे। उस समय उसके पति बाहर आ गए और उन्होंने सुबह ऑफिस में बात करने को कहा। महिला का कहना है कि रजत ने जिस ज्वेलरी के लेनदेन का आरोप लगाया है, उसका करीब 55 लाख रुपए वह अपने जेवर बेचकर चुका चुकी है, जिसकी रसीदें उसके पास हैं। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि रजत एमसीएक्स का कारोबार करता है और उसने 10 जनवरी 2026 को उसकी मौजूदगी में करीब 1 करोड़ 25 लाख रुपए के बिल फाड़ दिए थे, ताकि जीएसटी और कमीशन से बचा जा सके। महिला ने तुकोगंज पुलिस पर भी जल्दबाजी में कार्रवाई करने का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि एक दिन पहले ही वह बयान देने थाने पहुंची थी, लेकिन मामले की ठीक से जांच किए बिना ही टीआई जितेंद्र यादव ने रविवार को उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली। महिला का आरोप है कि एक वकील के कहने पर यह कार्रवाई की गई है।

2 सीएसआई, सहायक सीएसआई दरोगा का वेतन काटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। जोन 18, 8 और 5 के विभिन्न क्षेत्रों में चल रहे नाला आउटफॉल और नाला टेपिंग कामों को देखने के लिए सोमवार को नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल पहुंचे। उनके साथ अपर आयुक्त आशीष पाठक, सहायक यंत्री आकाश जैन, संबंधित जोनल अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी, विभागीय अधिकारी भी थे।

सबसे पहले वे जोन 18 में आने वाले कमला नेहरू प्राणी संग्रहालय के पीछे स्थित जगन्नाथ धर्मशाला के पास पहुंचे। यहां नाला आउटफॉल और नाला टेपिंग के कामों को देखा। यहां नाले के किनारे कचरा और गंदगी मिलने पर निगम कमिश्नर नाराज हो गए। उन्होंने नाराजगी जताते हुए, लापरवाही बरतने पर सीएसआई विनय मिश्रा, सहायक सीएसआई सोहरन सिंह और इलाके के दरोगा अंजु रील का तीन-तीन दिन का वेतन काटने को कहा। क्षेत्र में ही सार्वजनिक शौचालय को भी देखने पहुंचे। यहां सीटीपीटी की सफाई व्यवस्था भी संतोषजनक नहीं मिली और मौके पर केयर टेकर भी नहीं था। इस पर उन्होंने संबंधित एजेंसी के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने के लिए अधिकारियों से कहा।

इसके बाद निगम कमिश्नर जोन 8 में आने वाले तुलसी नगर इलाके में स्थित नाले को देखने पहुंचे। यहां नाले के किनारे किए जा रहे आउटफॉल कामों को देखा और बचे हुए कामों को जल्दी पूरा करने के लिए बोला। यहां से वे जोन 5 में आने वाले मेघदूत नगर स्थित नाले में किए जा रहे आउटफॉम के काम को देखने पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों को बचा हुए कामों को तय समय में पूरा करने को कहा। यहां नाले के आसपास गंदगी मिलने पर कड़ी नाराजगी जताई और सीएसआई राम लोवंशी का एक दिन का वेतन काटने को कहा।

निजी ट्रैवल्स की खड़ी बस में लगी आग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। तिलक नगर थाना क्षेत्र में सोमवार शाम को एक निजी ट्रैवल्स की खड़ी बस में अचानक आग लग गई। घटना पिपल्याहाना इलाके में बाबा ट्रैवल्स के मैदान की है। आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल और पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई।

तिलक नगर टीआई मनीष लोधा के मुताबिक- तुरंत दो फायर फाइटर और दमकल की गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। दमकल कर्मियों ने करीब दो टैंक पानी डालकर आग पर काबू पाया। आग लगने से बस को नुकसान पहुंचा है, हालांकि इस घटना में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। आग लगने का प्रारंभिक कारण शॉर्ट-सर्किट माना जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही थाने से पुलिस बल समेत मैं भी मौके पर पहुंचा। हमने स्थिति का जायजा लिया। फिलहाल पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है।

रंगपंचमी पर करंट लगने से महिला की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। चंदन नगर क्षेत्र में रंगपंचमी के दिन एक महिला की करंट लगने से मौत हो गई। घटना रामानंद नगर की है, जहां रविवार दोपहर करीब 3 बजे छाया भावसार (35) पत्नी चींटू भावसार को बाथरूम में पानी गर्म करते समय इलेक्ट्रिक हीटर लगाते हुए करंट लग गया। परिजन उन्हें तुरंत निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

पुलिस के अनुसार छाया भावसार रंगपंचमी पर परिवार और आसपास के लोगों के साथ रंग-गुलाल खेल रही थीं। इसके बाद वह नहाने के लिए बाथरूम में पानी गर्म करने के लिए इलेक्ट्रिक हीटर लगा रही थीं। इसी दौरान उन्हें तेज करंट लगा और वह बेहोश होकर गिर पड़ीं। छाया की आवाज सुनकर बच्चे बाथरूम की ओर पहुंचे। इसके बाद आसपास के लोगों की मदद से उन्हें निजी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। छाया भावसार के परिवार में उनके दो बच्चे हैं। उनके पति चींटू भावसार इलेक्ट्रॉनिक की दुकान संचालित करते हैं। चंदन नगर पुलिस मामले की जांच कर रही है। एरोड्रम थाना क्षेत्र में शनिवार रात पैदल घर जा रहे ओकार (36) पुत्र मदनलाल अचानक सड़क पर गिर पड़े। उन्हें उपचार के लिए एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां रविवार को उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार ओकार ज्वेलरी के बॉक्स बनाने का काम करता था। परिवार में उसका एक भाई कन्हैयालाल है। उसकी पत्नी से काफी समय पहले तलाक हो चुका था। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

रिश्वत लेते एएसआई और आरक्षक पकड़ाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

बड़वानी, एजेंसी। इंदौर लोकायुक्त टीम ने सोमवार को बड़वानी जिले के अंजड़ थाने में पदस्थ एक सहायक उपनिरीक्षक और एक आरक्षक पर भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया है। आरोपियों ने एक ज्वेलर्स संचालक को पुराने आत्महत्या के मामले में फंसाने की धमकी देकर 50 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। लोकायुक्त टीम ने आरक्षक को रिश्वत की पहली किस्त लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा। शिकायतकर्ता जयराज चौधरी अंजड़ में डायमंड ज्वेलर्स संचालित करते हैं। उन्होंने लोकायुक्त इंदौर में शिकायत दर्ज कराई थी। सहायक उपनिरीक्षक महावीर सिंह चंदेल ने एक वर्ष पुराने भारत बर्फा आत्महत्या मामले में चौधरी को पूछताछ के लिए बुलाया था। आरोपी ने केस खत्म करने के बदले आरक्षक पवन प्रजापति के माध्यम से "खर्चा पानी" के रूप में 50,000 रुपए की मांग की थी। लोकायुक्त पुलिस ने आरोपी सहायक उपनिरीक्षक महावीर सिंह चंदेल और आरक्षक पवन प्रजापति के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण संशोधन अधिनियम 2018 की धारा 7 और बीएनएस 2023 की धारा 61(2) के तहत मामला दर्ज किया है।

हड़ताल 16 मार्च तक स्थगित हुई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल, एजेंसी। लंबित स्टाइपेंड संशोधन को लेकर जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल 16 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी गई है। सोमवार को सुबह 9 बजे से हड़ताल रही जो शाम 5 बजे तक चलती रही। उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल और चिकित्सा शिक्षा आयुक्त के साथ संयुक्त बैठक के बाद जेडीए ने निर्णय लिया कि अब हड़ताल को 16 मार्च तक स्थगित कर दिया जाए। जेडीए ने अपने आधिकारिक बयान में इसकी पुष्टि कर दी है। बयान में बताया गया है कि बैठक में जूनियर डॉक्टरों की सभी लंबित मांगों पर विस्तृत और सार्थक चर्चा की गई है। इससे पहले सोमवार सुबह 9 बजे से हड़ताल रही। इस कारण गांधी मेडिकल कॉलेज के स्त्री रोग विभाग में पीपीटीसीटी काउंसलिंग एंड टेस्टिंग सेंटर, फर्टिलिटी क्लिनिक, एएनसी रूम सुमित अन्य व्यवस्थाएं प्रभावित होती रहीं। सीनियर डॉक्टर के साथ जूनियर डॉक्टर यहां की रिस्पांसिबिलिटी संभालते हैं। जूनियर डॉक्टरों के हड़ताल पर होने के कारण मरीज को इलाज के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा। वह सुबह से अपनी बारी के इंतजार में बैठे रहे। मरीज अनवर ने बताया कि वह सुबह से काफी परेशान हैं। पैरों में दर्द है और अन्य बीमारियों के कारण सुबह से इलाज के लिए भटक रहे हैं। वे आगे बोल पाते तब तक गार्ड ने रोक दिया।

भाजपा का प्रशिक्षण महाभियान, मुख्यमंत्री बोले

प्रशिक्षण का क्रम जारी रखने के कारण ही विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

जबलपुर, एजेंसी। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान (2026) के तहत भाजपा के संभागीय कार्यालय जबलपुर में सोमवार बड़ी बैठक हुई। जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ल सहित भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, मंत्री, विधायक और कार्यकर्ता शामिल रहे। यहां कार्यकर्ताओं को वैचारिक स्पष्टता, सांगठनिक कौशल और नेतृत्व क्षमता में सक्षम बनाने का प्रशिक्षण दिया। इस प्रशिक्षण के दौरान वैचारिक सत्र, योग और विभिन्न संगठनात्मक चर्चाएं आयोजित की जाती हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रशिक्षण का क्रम जारी रखने के कारण ही भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है। इसीलिए हमारी सरकार जनहितैषी कार्य में अपने संगठन की ताकत लगाती है। संगठन की मजबूती के लिए, कार्यकर्ताओं को आधार बनाने और सक्रियता के लिए प्रशिक्षण वर्ग की आवश्यकता होती है। मुझे प्रसन्नता है कि जब से हेमंत खंडेलवाल अध्यक्ष बने हैं, वे ऐसे कार्यों को गति देते जा रहे हैं। हम सरकार के मुखिया भले ही हैं, लेकिन एक कार्यकर्ता होने के भाव से हमारे सांसद, विधायक और मंत्री दोनों दायित्वों का बराबरी से निभा रहे हैं। सोमवार जबलपुर, रीवा, शहडोल सहित चार संभाग का प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया।

प्रशिक्षण अभियान में शामिल होने के लिए प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल रीवा से जबलपुर आए। शुक्ल ने कहा कि भाजपा अपने उद्देश्यों को लेकर राजनीति के क्षेत्र में एक मिशन की तरह काम कर रहा है, उस मिशन को पूरा करने के लिए लगातार इस प्रकार के प्रशिक्षण और ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

कार्यकर्ता अपने विचारों के प्रति प्रतिबद्धता के साथ अपनी भूमिका का निर्वहन ठीक प्रकार से कर सकें, इसके लिए इस तरह के कार्यक्रम होते हैं और इससे हम सबको बहुत फायदा होता है। जुडा की हड़ताल पर शुक्ल ने कहा कि जल्द उनकी समस्याओं का निकाकरण किया जाएगा। मेरा निवेदन है कि सभी हड़ताल पर जाने के बजाय ड्यूटी पर लौटे।

बातचीत बंद करने पर भड़का पड़ोसी युवती पर चाकू से हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

मंदसौर, एजेंसी। शहर में सोमवार को एक युवक ने 21 वर्षीय युवती को जबरदस्ती कार में बैठाकर जंगल में ले जाकर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। आरोपी जिस कार में युवती को ले गया, उसमें 'मध्य प्रदेश शासन' की प्लेट रखी थी। हमले में गंभीर रूप से घायल युवती को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि पुलिस ने आरोपी युवक को राउंडअप कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, खानपुरा निवासी 21 वर्षीय खुशबू पिता भारत

सिंह हाड़ा सोमवार को अपने घर से शंकर स्टोर स्थित अपने काम पर जाने के लिए निकली थी। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाला विजय नायक रास्ते में मिला और उसे जबरदस्ती कार में बैठा लिया। युवती को कार में बैठाने के बाद आरोपी विजय उसे रेवास देवड़ा रोड स्थित धूलेश्वर महादेव मंदिर के पास जंगल में ले गया। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच पहले प्रेम प्रसंग था, लेकिन कुछ समय से युवती ने आरोपी से बात करना बंद कर दिया था। इसी बात से नाराज विजय ने युवती को जंगल में ले जाकर उसके पेट और दोनों हाथों पर चाकू से वार किए। घटना के बाद आरोपी विजय नायक ही घायल युवती को उसी कार से जिला चिकित्सालय लेकर पहुंचा। डॉक्टरों ने उसे भर्ती कर उपचार शुरू किया है, लेकिन युवती की हालत गंभीर होने के कारण उसे रेफर करने की तैयारी की जा रही है।

नर्स ने पति को ब्लेड से मारा, सीने पर बैठी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल, एजेंसी। राजधानी के होटल में नर्स पत्नी ने अपने अर्ध नग्न पति को जमकर पीटा। ब्लेड और डंडे से हमला किया। थप्पड़ भी बरसाए। हमले में पति के सिर, पेट और हाथ में गंभीर चोट लगी है। पीटने का वीडियो भी सामने आया है। हालांकि इनमें कुछ वीडियो पुराने हैं। मामला पिपलानी थाना क्षेत्र के आनंद नगर का है। जानकारी के मुताबिक घायल पति का नाम रोहित (बदला हुआ नाम) है। वहीं नर्स पत्नी का मंजू (बदला हुआ नाम) है। मंजू ने कांच का गिलास फेंककर पति का सिर फोड़ दिया। लहूलुहान हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पहले लव-मैरिज, फिर प्रेमी से पति को मरवा डाला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

मुरैना, एजेंसी। चार साल पहले जिस युवती से लव मैरिज कर लवकुश माहौर ने अपना घर बसाया था, उसी ने अपने दूसरे प्रेमी के लिए उसकी हत्या करवा दी। मुरैना जिले के सिहोनिया में हुए इस ब्लाइंड मर्डर का पुलिस ने चार दिन बाद खुलासा कर दिया है।

सिहोनिया पुलिस ने मामले में मृतक की पत्नी खुशी माहौर और उसके पड़ोसी प्रेमी विक्रम परमार को गिरफ्तार कर हत्या का केस दर्ज किया है। वारदात में इस्तेमाल किया गया कट्टा भी बरामद कर दोनों को जेल भेज दिया गया है। जांच में सामने आया कि लवकुश की पत्नी खुशी माहौर का अपने ही मोहल्ले में रहने वाले युवक विक्रम परमार से अफेयर हो गया था। दोनों साथ रहना चाहते थे, लेकिन लवकुश उनके रिश्ते के बीच आ रहा था। इसी वजह से दोनों ने मिलकर उसे रास्ते से हटाने की साजिश रच डाली। 3 मार्च की रात जब लवकुश अपने घर में सो रहा था, तभी विक्रम छत के रास्ते घर में घुसा और सोते हुए उसे कट्टे से गोली मार दी। इसके बाद वारदात को आत्महत्या

का रूप देने की कोशिश भी की गई। मृतक की बहन द्वारा आरोपी को भागते देखने और मोबाइल चैट सहित अन्य साक्ष्यों के आधार पर साजिश का पर्दाफाश हुआ और पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

मृतक लवकुश माहौर के भाई अनिल माहौर के अनुसार लवकुश और उसकी पत्नी खुशी माहौर की शादी प्रेम विवाह था। 31 मई 2022 को अंबाह के बडफरा गांव निवासी गणेशी माहौर की बेटी खुशी माहौर और सिहोनिया निवासी अशोक माहौर के बेटे लवकुश माहौर की शादी हुई थी।बताया गया है कि खुशी और लवकुश की मुलाकात एक रिश्तेदारी की शादी में हुई थी। वहीं से दोनों के बीच बातचीत शुरू हुई और धीरे-धीरे दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ने लगीं। इसके बाद खुशी के परिजनों ने लवकुश के परिवार से संपर्क किया।

उज्जैन नगर निगम सम्मेलन में 7 प्रस्ताव पास

महाकाल लोक परिसर में बने नए सेतु का नाम 'अशोक सेतु' होगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

उज्जैन, एजेंसी। उज्जैन नगर निगम के विशेष सम्मेलन में सोमवार को 7 महत्वपूर्ण प्रस्तावों को सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई। निगम अध्यक्ष कलावती यादव की अध्यक्षता में हुए इस सम्मेलन में महाकाल लोक परिसर में बने नए सेतु का नाम 'अशोक सेतु' रखने का निर्णय लिया गया।

इस विशेष सम्मेलन में महापौर मुकेश टटवाल, निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा और नगर निगम के पार्षद रहे। बैठक में कार्यसूची के विभिन्न प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा के बाद सभी 7 प्रस्तावों को स्वीकृति मिली।

सम्मेलन में श्री महाकाल लोक परिसर में नवनिर्मित सेतु का नाम 'अशोक सेतु' रखने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ। इसके अतिरिक्त, वी.डी.

मार्केट तेलीवाड़ा से ढाबा रोड होते हुए छोटी पुलिया तक सड़क चौड़ीकरण से प्रभावित होने वाले भवनों के मालिकों को मुआवजा देने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई।

मध्यप्रदेश आउटडोर विज्ञापन मीडिया नियम 2017 के तहत शहर में आउटडोर मीडिया डिवाइस लगाने के लिए अनुज्ञप्ति शुल्क भी सर्वसम्मति से पारित किया गया। मुख्यमंत्री नगरीय क्षेत्र अधोसंरचना निर्माण योजना के तहत आगर रोड वार्ड 3 में सामुदायिक भवन के निर्माण स्थल परिवर्तन और जर्जर भवन को तोड़ने से संबंधित प्रस्ताव को एमआईसी को पुनः भेजने का निर्णय लिया गया।

बैठक में मेसर्स सुलभ इंटरनेशनल सोशल सर्विस ऑर्गेनाइजेशन, भोपाल द्वारा सीएसआर गतिविधि के तहत उज्जैन शहर में पांच अत्याधुनिक सार्वजनिक शौचालय कॉम्प्लेक्स के निर्माण के प्रस्ताव को भी मंजूरी मिली। हरिफाटक मार्ग से महाराजवाड़ा स्कूल क्रमांक 2 होते हुए महाकाल पार्किंग तक सड़क चौड़ीकरण से प्रभावित हितग्राहियों को संशोधित मुआवजा देने का प्रस्ताव भी स्वीकृत किया गया।

संपादकीय

जंग के मुहाने पर खाड़ी देश: शांति के लिए भारत से उम्मीदें

ईरान और इजरायल-अमेरिका के बीच जारी भीषण युद्ध के बीच संयुक्त अरब अमीरात (UAE) ने अपने दोस्त भारत की ओर बहुत ही उम्मीद भरी नजरों से देखा है। एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में यूएई के पहले राजदूत हुसैन हसन मिर्जा ने विश्वास जताया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक फोन कॉल मात्र से ही यह संकट दूर हो सकता है। ईरान और इजरायल-अमेरिका के बीच जारी जंग की चपेट में खाड़ी के कई देश बेवजह पिस रहे हैं। इनमें यूएई, कतर, जॉर्डन और सऊदी अरब जैसे मुल्क भी शामिल हैं। यूएई के राजदूत का कहना है कि पीएम मोदी ऐसे वर्ल्ड लीडर हैं, जो इजरायल और ईरान दोनों के अपने समकक्षों से बात करके इस युद्ध को रोकने की ताकत रखते हैं। ईरान युद्ध की चपेट में अब पूरी दुनिया आ चुकी है और भारत समेत तमाम दक्षिण एशियाई देशों में इसकी वजह से भयानक पेट्रोलियम संकट पैदा होने लगा है। ऐसे में भारत में यूएई के पहले राजदूत ने एनडीटीवी को सोमवार को बताया कि ईरान और अमेरिका-इजरायल युद्ध में उसे शामिल होने की कोई चाहत नहीं है और ऐसा करने का कोई वजह भी नहीं है। जब उनसे पीएम मोदी के यूएई की लीडरशिप से संघर्ष को लेकर हुई बातचीत के बारे में पूछा गया तो मिर्जा ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री का न सिर्फ खाड़ी देशों और उनके नेताओं के बीच सम्मान है, बल्कि वहां की जनता और व्यापार जगत के लोगों में भी बहुत आदर है। संयुक्त अरब अमीरात के राजदूत ने कहा कि पीएम मोदी की यही विश्वसनीयता जंग में शामिल ईरान और अमेरिका पर भी लागू होती है। मिर्जा ने कहा, 'पीएम मोदी की ओर से ईरान और इजरायल के अपने समकक्षों को किया गया एक फोन कॉल इस मुद्दे का समाधान कर सकता है, और इसे समाप्त कर सकता है। सिर्फ एक फोन कॉल।' खाड़ी देश के नेता के मुताबिक पीएम मोदी के प्रति इतना ज्यादा विश्वास, ईरान, इजरायल और अमेरिका में उनकी खास स्थिति की वजह से है। वह अपने देश की जमीन पर जारी संघर्ष से परेशान हैं और कहा है, 'वे हमारी जमीन पर एक-दूसरे से लड़ रहे हैं। यह अस्वीकार्य है।' उन्होंने यूएई के बारे में कहा कि इस मुद्दे के समाधान के लिए उसकी स्थिति महत्वपूर्ण है, क्योंकि वह ईरान का पड़ोसी और अब्राहम एकॉर्ड के तहत इजरायल का साझीदार भी। मिर्जा बोले, 'हम दोनों के बीच मध्यस्थता कर सकते हैं।' सोमवार को भी विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संसद में कहा कि भारत मौजूदा तनाव को कम करने के लिए बातचीत और कूटनीति के माध्यम से शांतिपूर्ण समाधान की वकालत करता है। भारत ने सभी पक्षों से फिर संयम बरतने का आग्रह किया है। भारत का स्पष्ट स्टैंड है कि भारतीयों की सुरक्षा और राष्ट्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते रहेंगे। पीएम मोदी ने इजरायल-अमेरिका की ओर से ईरान पर हमला शुरू होने के कुछ ही दिन बाद संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से बात की थी। इस दौरान ईरान की ओर से खाड़ी देशों पर किए गए हमले की आलोचना की गई।

Health is Wealth

वजन घटाने के लिए डिनर स्किप करना सही है या गलत?

न्यूट्रिशनिस्ट से जानें

आजकल वजन कम करने के लिए लोग अलग-अलग डाइट ट्रेंड फॉलो करते हैं। इनमें से एक आम आदत है डिनर स्किप करना। कई लोगों को लगता है कि अगर वे रात का खाना छोड़ देंगे तो उनका वजन जल्दी कम हो जाएगा। लेकिन न्यूट्रिशनिस्ट सोनिया नरंग के अनुसार, सिर्फ डिनर छोड़ने से वजन कम होना जरूरी नहीं है। वजन घटाने का असली नियम कुछ और ही है।

वजन कम करने का असली नियम

एक्सपर्ट के अनुसार, वजन घटाने या बढ़ने का सबसे बड़ा कारण कुल कैलोरी (Total Calories) होती हैं। अगर आप दिनभर में अपनी जरूरत से ज्यादा कैलोरी खाते हैं तो वजन बढ़ेगा और अगर आप जरूरत से कम कैलोरी लेते हैं तो वजन कम होने लगता है।

इसका मतलब है कि वजन घटाने के लिए जरूरी नहीं कि आप डिनर ही छोड़ें। असल में पूरे दिन की कुल कैलोरी पर ध्यान देना ज्यादा जरूरी है।

कैलोरी कब खाई, इससे फर्क नहीं पड़ता!

न्यूट्रिशनिस्ट के अनुसार, कई लोग सोचते हैं कि रात में खाना खाने से वजन बढ़ जाता है। लेकिन ऐसा जरूरी नहीं है। आप अपनी कैलोरी सुबह खाएं, दोपहर में खाएं या रात में खाएं — जब तक कुल कैलोरी संतुलित है, तब तक वजन पर ज्यादा फर्क नहीं पड़ता। इसलिए अगर कोई व्यक्ति अपनी कैलोरी को ब्रेकफास्ट, लंच और डिनर में बांटकर खाता है, तो भी ठीक है और अगर कोई व्यक्ति ज्यादा कैलोरी सुबह लेता है और रात में कम खाता है, तो भी यह सही हो सकता है।

शरीर के हिसाब से डाइट चुनें

हर व्यक्ति का शरीर अलग होता है। कुछ लोगों को हल्का डिनर करने से अच्छा महसूस होता है, जबकि कुछ लोगों को सही मात्रा में डिनर करने से ज्यादा ऊर्जा मिलती है। अगर डिनर छोड़ने से आपको कमजोरी, थकान या ज्यादा भूख महसूस होती है, तो यह तरीका आपके लिए सही नहीं हो सकता।

डिनर स्किप करना कब ठीक हो सकता है?

अगर किसी व्यक्ति को डिनर हल्का रखने से पेट कम फूला हुआ लगता है, शरीर हल्का महसूस होता है और नींद बेहतर आती है तो वह यह तरीका अपना सकता है। लेकिन सिर्फ वजन घटाने के लिए डिनर छोड़ना जरूरी नहीं है।

संतुलित डाइट है सबसे जरूरी

स्वस्थ तरीके से वजन कम करने के लिए जरूरी है कि आप संतुलित डाइट लें, नियमित एक्सरसाइज करें, पर्याप्त नींद लें और अपनी कुल कैलोरी पर ध्यान रखें। जब ये सभी चीजें सही रहती हैं, तो वजन कम करना आसान हो जाता है।

नोट: वजन घटाने के लिए सिर्फ डिनर छोड़ना जरूरी नहीं है। असली बात यह है कि आप पूरे दिन में कितनी कैलोरी ले रहे हैं। इसलिए अपने शरीर के अनुसार डाइट चुनें और संतुलित खाने की आदत अपनाएं। इसके अलावा किसी भी तरह की विशेष जानकारी के लिए अन्य डॉक्टर से उचित सलाह ले सकते हैं।

डायबिटीज में शुगर-फ्री या नमक वाले बिस्किट खा सकते हैं? न्यूट्रीशनिस्ट ने बताया कौन से सेफ हैं!

डायबिटीज में अपनी डाइट का खास ध्यान रखने की जरूरत होती है। यही वजह है कि शुगर पेशेंट अपनी डाइट से ज्यादातर चीजें बाहर कर देते हैं, जिनमें से बिस्किट भी एक हैं। अब नॉर्मल चीनी वाले बिस्किट से परहेज करने की सलाह तो दी जाती है, लेकिन बाजार में शुगर फ्री और डायबिटीज फ्रेंडली लेबल के साथ भी बिस्किट आते हैं। ये बिस्किट आमतौर पर सेफ लगते हैं और डायबिटीज पेशेंट इन्हें बिना डर के खाते हैं। वहीं लोगों को ये भी लगता है कि चीनी वाले बिस्किट की जगह अगर नमकीन बिस्किट खाए जायें तो कोई नुकसान नहीं होता है। लेकिन सवाल है कि क्या वाकई डायबिटीज में शुगर फ्री या नमकीन बिस्किट खाना सेफ है और इनमें से बेस्ट ऑप्शन क्या है। इसी बारे में डायबिटीज रिवर्सल एक्सपर्ट और न्यूट्रीशनिस्ट डॉ हर्षिता कौशिक ने जानकारी साझा की है। आइए जानते हैं-

डायबिटीज में शुगर फ्री और नमकीन बिस्किट खाना सेफ है?

न्यूट्रीशनिस्ट डॉ हर्षिता कौशिक कहती हैं कि बहुत से डायबिटीज पेशेंट को ये लगता है कि शुगर फ्री और नमकीन बिस्किट खाना पूरी तरह सुरक्षित होता है, जबकि ये बिल्कुल भी सच नहीं है। अगर आप इन बिस्किट की इंग्रीडिएंट लिस्ट चेक करें तो इनमें सबसे पहला इंग्रीडिएंट ही रिफाइंड व्हीट

फ्लोर यानी मैदा होती है, जिससे शुगर स्पाइक बहुत तेजी से होती है।

माल्टोडेक्सट्रिन भी बढ़ा सकता है ब्लड शुगर

न्यूट्रीशनिस्ट कहती हैं कि शुगर फ्री या डायबिटीज फ्रेंडली लेबल के साथ आने वाले बिस्किट ये में आमतौर पर माल्टोडेक्सट्रिन नामक कार्बोहाइड्रेट मौजूद होता है। यह एक तरह का प्रोसेस्ड स्टार्च होता है, जो शरीर में तेजी से ग्लूकोज में बदल सकता है। खतरनाक बात ये है कि इसका ग्लाइसेमिक इंडेक्स (GI) कई बार सफेद चीनी से भी ज्यादा हो सकता है।जिस वजह से शुगर स्पाइक काफी तेजी से हो सकती है।

इन्फ्लेमेशन को बढ़ाने का काम करते हैं बिस्किट

डॉ हर्षिता के मुताबिक इन 'सो कॉल्ड' डायबिटीज फ्रेंडली बिस्किट में रिफाइंड वेजिटेबल ऑयल, इमलसिफायर और आर्टिफिशियल स्वीटनर्स भी मौजूद होते हैं, जो शरीर में इन्फ्लेमेशन को बढ़ावा देते हैं।

चाय से चीनी हटाने के बाद भी इस वजह से बढ़ती है शुगर

न्यूट्रीशनिस्ट बताती हैं कि उनके पास कई ऐसे पेशेंट आते हैं जिन्हें बिना चीनी वाली चाय पीते-पीते दसों साल हो गए हैं। लेकिन फिर भी उनकी शुगर बढ़ी हुई रहती है। दरअसल इसके पीछे एक वजह ये भी है कि वो चाय के साथ शुगर फ्री या नमकीन बिस्किट लेते हैं। जैसे ही उन्होंने अपनी डाइट से बिस्किट रिमूव किए, वैसे ही उनका शुगर लेवल रेंज में आने लगा।

फिर डायबिटीज में कौन से बिस्किट खाना सेफ है?

न्यूट्रीशनिस्ट कहती हैं कि मार्केट में आने वाले डायबिटीज फ्रेंडली, शुगर फ्री या नमकीन बिस्किट; कोई भी डायबिटीज में सेफ नहीं हैं। इसलिए कोशिश करें इन सभी से परहेज करें। बिस्किट खाने की क्रेविंग होती है तो इंग्रीडिएंट चूज कर के ही कोई विकल्प चूज करें। वरना होम मेड बिस्किट भी अच्छा ऑप्शन हो सकते हैं।

Maharashtra

मिडिल-ईस्ट संकट का भारत में असर, गैस किल्लत के चलते मुंबई के 20% होटल बंद

मुंबई, (एजेंसी) मिडिल-ईस्ट में चल रहे युद्ध का असर अब सीधे तौर पर भारत पर पड़ता नजर आ रहा है. देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में गैस सप्लाई की कमी होनी शुरू हो गई है. गैस होटलों की संघटना (एसोसिएशन) आहार ने बताया कि गैस सप्लाई की वजह से अब तक मुंबई के 20% होटल बंद हो चुके हैं.

एसोसिएशन का कहना है कि अगर हालात ऐसे ही रहे तो आने वाले 2 दिनों में मुंबई के 50% तक होटलों पर ताला लग सकता है. आहार की तरफ से अब तक होटल बंद रखने का कोई आधिकारिक फैसला नहीं लिया गया है. ये फैसला होटल मालिकों पर निर्भर करेगा कि

वो अपना होटल शुरू रखते हैं या नहीं. मुंबई के अलावा चेन्नई होटल एसोसिएशन ने शहर में एलपीजी (LPG) सिलेंडरों की भारी कमी को लेकर गहरी चिंता जताई है. इस संकट के समाधान के लिए एसोसिएशन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखा है. एसोसिएशन का कहना है कि केंद्र सरकार ने हाल ही में व्यावसायिक एलपीजी की आपूर्ति को अस्थायी रूप से रोकने की सूचना जारी की है. इस फैसले से रेस्तरां और भोजन से जुड़े बिजनेस पर बहुत बुरा असर पड़ सकता है. एसोसिएशन ने पत्र में कहा कि फूड इंडस्ट्री दिन-रात चलती है और ये अस्पतालों, आईटी पार्कों और कॉलेज हॉस्टलों के लिए खाने का मुख्य स्रोत है. ट्रेन यात्रियों और व्यापारिक यात्रियों को खाना उपलब्ध कराने में होटलों की बड़ी भूमिका है.

Bihar

तेज रफ्तार कार ने ली 16 माह के मासूम की जान, भाग रहे चालक को ग्रामीणों ने खदेड़ कर पकड़ा

मुजफ्फरपुर, (एजेंसी) मुजफ्फरपुर के कटरा थाना क्षेत्र के चिचड़ी गांव में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की चपेट में आने से 16 माह के मासूम कार्तिक कुमार की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद भाग रहे चालक को ग्रामीणों ने खदेड़कर पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने वाहन जब्त कर चालक को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मुजफ्फरपुर जिले में देर शाम एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की चपेट में आने से 16 माह के मासूम की दर्दनाक मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद भाग रहे चालक को ग्रामीणों ने खदेड़कर पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। घटना जिले के कटरा थाना क्षेत्र के चिचड़ी गांव इलाके की बताई जा रही है। मृतक बच्चे की पहचान कार्तिक कुमार, पिता संजय कुमार गुप्ता के रूप में की गई है। इस घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि कार्तिक कुमार अपने घर के पास बरामदे पर बहन के साथ खेल रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रही स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर बरामदे के पास पहुंच गई और मासूम कार्तिक को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। हादसे के बाद भाग रहे वाहन चालक को ग्रामीणों ने खदेड़कर पकड़ लिया। इसके बाद लोगों ने तुरंत कटरा थाना की पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्कॉर्पियो को जब्त कर लिया।

P. Bangal

कोलकाता में CEC को दिखाए काले झंडे, प्रदर्शनकारियों ने लगाए- गो बैक के नारे लगे

कोलकाता, (एजेंसी) पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 की तैयारियों की समीक्षा के लिए तीन दिवसीय दौरे पर बंगाल पहुंचे मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को विरोध प्रदर्शन का सामना करना पड़ा.

बताया जा रहा है कि वो सुबह-सुबह कालीघाट काली मंदिर दर्शन करने के लिए पहुंचे थे, जहां कुछ लोगों ने उन्हें काले झंडे दिखा और गो बैक के नारे लगाए. मंदिर में दर्शन करने के बाद मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा, 'हमने दक्षिणेश्वर काली मंदिर में पूजा-अर्चना की... चुनाव आयोग पश्चिम बंगाल में अहिंसक और दबाव रहित चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है...'

Maharashtra

ईरान-इजराइल जंग का असर पुणे के गैस श्मशान घाट बंद

पुणे, (एजेंसी) पुणे म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन ने वेस्ट एशिया में चल रहे संघर्ष के बीच प्रोपेन और ब्यूटेन जैसे लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) के हिस्सों के इस्तेमाल पर रोक के बाद शहर के गैस श्मशान घाटों को कुछ समय के लिए बंद कर दिया है।

पुणे सिविक बॉडी के मुताबिक, पेट्रोलियम और नैचुरल गैस मंत्रालय ने 5 मार्च को एक ऑर्डर जारी किया था जिसमें कहा गया था कि देश भर में घरेलू एलपीजी सप्लाई के लिए प्रोपेन और ब्यूटेन को प्राथमिकता दी जाए। हालांकि लोगों को परेशानी से बचाने के लिए, एयर पॉल्यूशन कंट्रोल सिस्टम वाले इलेक्ट्रिक श्मशान घाट और लकड़ी से चलने वाले श्मशान घाट चलते रहेंगे।

खेल

आईसीसी ने चुनी 'टीम ऑफ द टूर्नामेंट' चार भारतीय खिलाड़ी शामिल

नई दिल्ली, (एजेंसी) आईसीसी ने टी20 विश्व कप 2026 के लिए सर्वश्रेष्ठ टीम का चुनाव किया है। भारत के चार खिलाड़ियों को इस टीम में जगह मिली है। प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का अवॉर्ड जीतने वाले संजू सैमसन, जसप्रीत बुमराह, ईशान किशन और हार्दिक पांड्या आईसीसी की टीम में जगह बनाने वाले भारतीय खिलाड़ी रहे हैं।

टी20 विश्व कप 2026 में सर्वाधिक 383 रन बनाने वाले पाकिस्तान के बल्लेबाज साहिबजादा फरहान को संजू सैमसन का ओपनिंग जोड़ीदार चुना गया है। संजू का प्रदर्शन टूर्नामेंट में शानदार रहा और उन्होंने महज 5 मुकाबलों में 321 रन बनाए। सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले में संजू ने अर्धशतकीय पारी खेलते हुए टीम इंडिया को चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई। भारत की ओर से निरंतरता के साथ रन बनाने वाले ईशान किशन को भी आईसीसी ने सर्वश्रेष्ठ टीम में रखा है। ईशान ने टूर्नामेंट में खेले 9 मैचों में कुल 317 रन बनाए।

दक्षिण अफ्रीका को सेमीफाइनल तक पहुंचने वाले कप्तान एडेन मार्करम भी आईसीसी की टीम में जगह बनाने में सफल रहे हैं। मार्करम ने 8 मुकाबलों में 165 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 286 रन बनाए। मार्करम को कप्तान की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। टी20 वर्ल्ड कप 2026 में बल्ले और गेंद दोनों से अहम योगदान देने वाले हार्दिक पांड्या को टीम में रखा गया है, जबकि इंग्लैंड के ऑलराउंडर विल जैक्स भी टीम में जगह बनाने में सफल रहे हैं। हार्दिक ने इस विश्व कप में दो अर्धशतक लगाए और गेंदबाजी में अहम स्पेल डाले।

आईसीसी की सर्वश्रेष्ठ टीम के गेंदबाजी अटैक की कमान जसप्रीत बुमराह के हाथों में सौंपी गई है। बुमराह टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे। बुमराह ने 8 मैचों में कुल 14 विकेट चटकाए। बुमराह का साथ देने के लिए लुंगी एनगिडी, ब्लेसिंग मुजरबानी और जेसन होल्डर को चुना गया है। वहीं, इकलौते स्पिनर के तौर पर आदिल राशिद को चुना गया है। 12वें खिलाड़ी के तौर पर अमेरिका के तेज गेंदबाज शैडली वैन शल्कविक को चुना गया है। उन्होंने टूर्नामेंट में खेले सिर्फ 4 मुकाबलों में 13 विकेट चटकाए।

टी20 विश्व कप 2026 की टीम ऑफ द टूर्नामेंट

साहिबजादा फरहान, संजू सैमसन (विकेटकीपर), ईशान किशन, एडेन मार्करम (कप्तान), हार्दिक पांड्या, विल जैक्स, जेसन होल्डर, जसप्रीत बुमराह, लुंगी एनगिडी, आदिल राशिद, ब्लेसिंग मुजरबानी।

12वां खिलाड़ी: शैडली वान शाल्कविक।

सिनेमा

यश को धुरंधर 2 का डर नहीं बल्कि रिलीज का इंतजार, किसी और वजह से टली टॉक्सिक: सोर्स

धुरंधर 2 और टॉक्सिक का क्लैश टल चुका है। इस पर कई तरह की थ्योरीज चल रही हैं। धुरंधर फैंस का कहना है कि टॉक्सिक मेकर्स ने डरकर ऐसा फैसला लिया वहीं टॉक्सिक टीम का कहना है कि मिडिल ईस्ट में चल रहे वॉर की वजह से ऐसा फैसला लेना पड़ा। अब एक रिपोर्ट में सामने आया है कि यश को धुरंधर 2 का कोई डर नहीं है बल्कि वह खुद धुरंधर 2 का इंतजार कर रहे हैं। धुरंधर 2 और टॉक्सिक दोनों ही फिल्में 19 मार्च को रिलीज होने वाली थीं। रीसेंटली टॉक्सिक मेकर्स ने फैसला लिया कि यश स्टारर टॉक्सिक अब 4 जून को रिलीज होगी। सोशल मीडिया पर दोनों पक्ष के फैन्स के बीच वॉर चलता रहता है। इस बीच बॉलीवुड हंगामा में यश की तरफ से धुरंधर 2 को लेकर बयान आया है। सोर्स का कहना है, 'यश को धुरंधर पसंद आई थी और वह पार्ट 2 का इंतजार कर रहे हैं। सारी राइवलरी, डर, प्रतिस्पर्धा बाहरी लोगों ने फैलाया है जो दोनों फिल्मों की कथित प्रतिस्पर्धा से फायदा उठाना चाहते हैं।' सोर्स ने आगे बताया, 'अब टॉक्सिक आगे बढ़ गई है, ये धुरंधर 2 से प्रतिस्पर्धा का डर नहीं था। गल्फ और यूएई में जो वॉर सिचुएशन है उसका डर था, जो कि धुरंधर को जरा भी नहीं है।' बता दें कि बीते 5 मार्च को टॉक्सिक मेकर्स ने टॉक्सिक पोस्टपोन करने का अनाउंसमेंट किया था। उन्होंने नोट शेयर किया था, 'एक साल की कड़ी मेहनत के बाद हम 19 मार्च को टॉक्सिक आप सभी के सामने लाने के लिए एक्साइटेड थे।

Highlights

1. Govt raises LPG waiting period to 25 days amid Middle East war
2. Woman hit by water balloon on Holi in Delhi arrested after Hindu man's murder
3. Sharad Pawar, 25 other leaders elected unopposed to Rajya Sabha
4. Rahul boasts about Congress workers' shirtless protest at AI summit, BJP says 'admitted his role'
5. Kerala minister's wife catches him with another woman, he says 'I have 5,000 affairs'

Iran war wipes out ₹25 lakh crore in investor wealth in just five sessions

NEW DELHI, (Agency). India's stock market extended their steepest slide in six years due to an escalating Iran war. That's wiped out more than ₹25 lakh crore in investor wealth since the strife began.

The 30-share S&P BSE Sensex fell as much as 3.16%—or 2,494.35 points—to 76,424.55 points, while the wider NSE Nifty 50 shed up to 3.07% to an intraday low of 23,697.80 points. The recovery was patchy at best by midday. The turmoil is fuelled by crude oil prices, which have surged enough to test $120/barrel levels.

Every $10 rise in oil adds roughly 40 basis points to India's current account deficit. Markets are pricing that in very fast.

One basis point is one-hundredth of a percentage point.

A truncated trading week through 6 March—India's stock market was closed on account of Holi on Tuesday, 3 March—did precious little

to arrest the slide in India's equity benchmarks.

When the Nifty 50 opened on Monday, March 2—the first session after the war began—it gapped down 685 points, or 2.68%, to close at 24,865.

Wednesday (4 March) brought a second wave of selling, dragging the index a further 560 points to 24,305—its lowest close since mid-2024 and the sharpest two-session retreat since the pandemic crash of March 2020.

A brief dead-cat bounce on Thursday (5 March 2026) recovered 461 points to 24,766, only for sellers to return on Friday, clipping the index back to 24,450.

The net weekly loss from the pre-war close of 25,550 stood at 1,100 points, or 4.31%, across just four trading sessions.

Foreign institutional investors were relentless sellers throughout, pulling roughly ₹21,000 crore ($2.3 billion) from Indian equities between 2 and 6 March. The combined market capitalisation of all BSE-listed companies fell from ₹463.9 lakh crore to below ₹440 lakh crore—wealth destruction equivalent to nearly one-seventh of India's annual GDP.

Apple now makes about 25% of iPhones in India after China pivot

NEW DELHI, (Agency). Apple Inc. increased iPhone production in India by about 53% last year and now makes a quarter of its marquee devices there, reflecting the US company's efforts to avoid tariffs on China.

The company assembled about 55 million iPhones in India in 2025, up from 36 million a year earlier, people familiar with the matter said, asking not to be named because the numbers aren't public. Apple makes about 220 million to 230 million

iPhones a year globally, with India's share of the total increasing rapidly.

Apple has accelerated its expansion in the world's most populous country in recent years, bolstered by Prime Minister Narendra Modi's production-linked incentives aimed at turning India into the world's factory. The subsidies have helped offset some of the structural cost disadvantages that manufacturers face in India, including the lack of a China-like robust supply chain and logistics challenges.

In 2025, shipments from China, where Apple still makes the bulk of iPhones, faced headwinds as a result of US tariffs related to the two economic powers' trade war. The levies pushed Apple and its suppliers to move a greater share of devices meant for the American market to alternative manufacturing destinations, with India emerging as a major bright spot.

भाजपा नेता के बेटे ने सेल्स मैनेजर से रेप किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। शहर में बीजेपी नेता के बेटे पर 22 वर्षीय डिजिटल मार्केटिंग की सेल्स मैनेजर के साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगा है। आरोपी ने युवती के अश्लील फोटो और वीडियो भी बना लिए थे। आरोप है कि इन्हें वायरल करने की धमकी देकर उसने वारदात को अंजाम दिया। मामला इंदौर के कोतवाली थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक पीड़िता शनिवार को हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारियों के साथ महिला थाने पहुंची। दुष्कर्म, ब्लैकमेलिंग और धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने बुढ़ानिया निवासी शफुद्दीन शेख के बेटे फरहान शेख के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। फरहान के पिता बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारी हैं। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसकी

मुलाकात आरोपी से 28 अक्टूबर 2025 को विजय नगर स्थित एक कैफे में हुई थी। मुलाकात के दौरान दोनों ने एक-दूसरे से परिचय के बाद मोबाइल नंबर साझा किए। इसके बाद दोनों के बीच व्हाट्सएप के जरिए बातचीत शुरू हो गई। शिकायत के मुताबिक 15 नवंबर 2025 को आरोपी ने युवती को अपने माता-पिता से मिलवाने के बहाने एक फ्लैट पर बुलाया। वहां पहुंचने के बाद उसने कुछ देर में माता-पिता के आने की बात कही। आरोप है कि इसी दौरान फरहान ने युवती के साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता का कहना है कि जब उसने शादी की बात कही तो आरोपी ने बताया कि उसका नाम मोहित नहीं, बल्कि फरहान है और वह पहले से शादीशुदा है। यह जानने के बाद युवती वहां से चली गई। युवती का आरोप है कि इसके बाद आरोपी ने अश्लील फोटो और वीडियो के नाम पर उसे ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया और 13 दिसंबर 2025 तक उसका शोषण करता रहा। पीड़िता का कहना है कि आरोपी अभी भी उसे धमका रहा है। आरोप है कि उसने युवती की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर भी वायरल कर दी हैं। पुलिस का कहना है कि आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

भवानी नगर में मकान गिरा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। भवानी नगर में सोमवार शाम 7 बजे के करीब एक मकान गिरने की सूचना है। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस और नगर निगम की टीम मौके पर पहुंची। बताया जा रहा है कि यहां पर एक व्यक्ति अंदर फंसा था। जिसका रेस्क्यू किया गया। बताया जा रहा है कि मकान के अंदर ही अंदर अवैध निर्माण का काम किया जा रहा था, जिसके चलते यह हादसा हुआ। घटना की सूचना मिलते ही इंदौर नगर निगम की टीम मौके पर पहुंची और तत्काल मोर्चा संभालते हुए राहत कार्य शुरू किया। इस दौरान मलबे

के बीच फंसे एक व्यक्ति को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। मामले की जानकारी मिलते ही नगर निगम के एडिशनल कमिश्नर प्रखर सिंह भी मौके पर पहुंच गए और पूरे घटनाक्रम की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

8 साल के बच्चे के सिरपर चढ़ा टैंकर, मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। लसूड़िया इलाके में हुए एक हादसे में 8 साल के बच्चे की जान चली गई। घर के बाहर खड़े बच्चे को एक निजी टैंकर ने कुचल दिया। टैंकर का पहिया बच्चे के सिर के ऊपर से गुजर गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। परिवार का आरोप है कि हादसे के बाद उन्होंने टैंकर को रोकने की कोशिश की, लेकिन ड्राइवर वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। फिलहाल पुलिस भी टैंकर और चालक को पकड़ नहीं पाई है।

लसूड़िया पुलिस के अनुसार, हादसा सोमवार सुबह करीब 7 बजे निरंजनपुर बस्ती में हुआ। 8 साल का कार्तिक पिता बनवारी भांड घर के बाहर खड़ा था। इसी दौरान ये हादसा हुआ। सूचना मिलने पर एफआरवी मौके पर पहुंची और बच्चे के शव को एमवाय अस्पताल भेजा गया। परिजन का कहना है कि इलाके में कई निजी टैंकर चलते हैं, जिससे हादसे का खतरा बना रहता है। उन्होंने सुबह से ही पुलिस से टैंकर को पकड़ने की मांग की, लेकिन आरोप है कि मौके पर मौजूद एसआई मनोज हिरवे ने उन्हें ही डांट दिया। कार्तिक के पिता मजदूरी करने के साथ-साथ ढोलक बजाने का काम भी करते हैं। कार्तिक तीन भाई-बहनों में सबसे छोटा था। परिवार मूल रूप से राजस्थान के झालावाड़ जिले के ग्राम जगपुरा (थाना बकानी) का रहने वाला है। करीब एक साल पहले काम की तलाश में इंदौर आया था और निरंजनपुर बस्ती में झोपड़ी बनाकर रह रहा था।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक